# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),

मकान नं०-1 व 2, निकट महिला आई०टी०आई० कालेज के सामने, गोरा बाजार, रायबरेली-229001

E-mail :- ee_kk_upjn.ra1@yahoo.com

डाउनलोड जल सारथी ऐप


पत्रांक : 1574 / M-20 / 97 दिनांक 23/7/2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषय :— **ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 21.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "मझिलहा में ग्रामीणों ने खुद ठीक किया रास्ता, रिसाव से परेशानी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक ई–समाचार पत्र दैनिक भास्कर, रायबरेली, दिनांक 21.07.2026 के पेपर में प्रकाशित "मझिलहा में ग्रामीणों ने खुद ठीक किया रास्ता, रिसाव से परेशानी'' शीर्षक का सन्दर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जिसकी आख्या निम्नवत् हैः–

| प्रकाशित खबर | आख्या |
|---|---|
| रायबरेली के डीह ब्लॉक अंतर्गत मझिलहा गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए हटाए गए खड़ंजे को कार्य पूरा होने के बाद ठीक से नहीं लगाया गया, जिससे वे खराब हो गए हैं।<br>मजबूरन ग्रामीणों ने खुद ही इन खड़ंजों को ठीक करने का निर्णय लिया। गांव में पाइपलाइन बिछाने के दौरान रास्ते में लगे खड़ंजों को उखाड़ा गया था। कार्य समाप्त होने के बाद इन्हें सही तरीके से वापस नहीं बिछाया गया, जिसके कारण खड़ंजे टूट–फूट गए और रास्ते की स्थिति खराब हो गई। इससे छोटे बच्चों सहित अन्य ग्रामीणों को घर से निकलने और आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में जल जीवन मिशन के कर्मचारियों को कई बार सूचित किया। हर बार उन्हें आश्वासन दिया गया कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे। | उक्त के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड–डीह की ग्राम पंचायत मझिलहा में मझिलहा पेयजल योजना से जलापूर्ति की जाती है। उक्त योजना के अंतर्गत 01 नग नलकूप, 01 नग शिरोपरि जलाशय, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर, 17.41 कि0मी0 वितरण प्रणाली इत्यादि कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग सोलर, 17.41 कि0मी0 पाइपलाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर है। साथ ही अवगत कराना है कि लीकेज हो जाने के कारण कुछ स्थानों पर खड़ंजा बैठ गया है, जिसकी मरम्मत का कार्य सम्बन्धित फर्म मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित करते हुए कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। आगामी 03 दिवस के भीतर मरम्मत कार्य पूर्ण करा दिया जायेगा।<br> |

**संलग्नक–पेपर कटिंग**

भवदीय

(रणविजय सिंह)
अधिशासी अभियन्ता

**पृ0सं0 एवं दिनांक उपराक्तानुसार।**

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेशित।**

1. मुख्य अभियन्ता (ल0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।

अधिशासी अभियन्ता

# जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाई, खड़ंजा खराब हुआ:मझिलहा में ग्रामीणों ने खुद ठीक किया रास्ता, रिसाव से परेशानी

डीह, रायबरेली3 दिन पहले



रास्ते को सही करते ग्रामीण।

रायबरेली के डीह ब्लॉक अंतर्गत मझिलहा गांव में जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन के बाद स्थानीय ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पाइपलाइन बिछाने के लिए हटाए गए खड़ंजे को कार्य पूरा होने के बाद ठीक से नहीं लगाया गया, जिससे वे खराब हो गए हैं।

मजबूरन ग्रामीणों ने खुद ही इन खड़ंजों को ठीक करने का निर्णय लिया।गांव में पाइपलाइन बिछाने के दौरान रास्ते में लगे खड़ंजों को उखाड़ा गया था। कार्य समाप्त होने के बाद इन्हें सही तरीके से वापस नहीं बिछाया गया, जिसके कारण खड़ंजे टूट-फूट गए और रास्ते की स्थिति खराब हो गई।



इससे छोटे बच्चों सहित अन्य ग्रामीणों को घर से निकलने और आवागमन में काफी दिक्कतें आ रही हैं।ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने इस समस्या के बारे में जल जीवन मिशन के कर्मचारियों को कई बार सूचित किया। हर बार उन्हें आश्वासन दिया गया कि समस्या का समाधान जल्द किया जाएगा, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई और कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे।

त्रिवेणी प्रसाद, सावित्री देवी, रोहित कुमार,मनीदास, प्रिया सहित ग्रामीणों का कहना है कि इस अनदेखी से परेशान होकर ग्रामीणों ने स्वयं ही खराब खड़ंजों को ठीक करने का बीड़ा उठाया। इसके अतिरिक्त, बिछाई गई पाइपलाइन से अभी भी पानी का रिसाव हो रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस रिसाव को जल्द से जल्द ठीक किया जाए, ताकि खड़ंजे पर पानी जमा न हो और आवागमन सुचारु रूप से चलता रहे।